# बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार

32, हार्डिंग रोड, पटना-800001

फोन- 0612-2231563, फैक्स नं॰ : 2231562, 2215089, बेबसाईट : www.bsea.bih.nic.in


पटना/ दिनांक 09/10/2017

## अधिसूचना

संख्या-नि॰ प्रा॰/ नि॰ 1-03/2017 ....985.... चूँकि बिहार सहकारिता अधिनियम, 1935 की धारा 14 (क) में किये गये संशोधन एवं सहकारिता विभाग, बिहार सरकार की अधिसूचना संख्या-1273 दिनांक 01.03.2012 के क्रम में उक्त अधिनियम के तहत निबंधित सहकारी समितियों के प्रबंधकारिणी समिति, जो या तो अधिक्रमित हैं या जिनकी कालावधि समाप्त होने वाली है, का निर्वाचन बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार के नियंत्रण, निदेशन एवं पर्यवेक्षण के अधीन कराया जाना है।

और, चूंकि उक्त परिप्रेक्ष्य में प्राधिकार द्वारा तत्काल 17 प्रखंड मत्स्यजीवी सहयोग समितियों के प्रबंधकारिणी समिति का निर्वाचन कराने का निर्णय लिया गया है, जिसमें से 3 प्रखंड मत्स्यजीवी सहयोग समिति- बड़हरिया (सिवान), रघुनाथपुर (सिवान) तथा पटना सदर प्रखंड मत्स्यजीवी सहयोग समिति का निर्वाचन कमशः प्राधिकार के अधिसूचना संख्या 824 दिनांक 05.09.2017 तथा अधिसूचना संख्या 877 दिनांक 14.09.2017 द्वारा स्थगित था।

अतः बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार अधिनियम, 2008 की धारा-4 एवं बिहार सहकारिता अधिनियम, 1935 (यथा संशोधित, 2008) की धारा 14 'क' तथा सुसंगत नियमावलियों के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य निर्वाचन प्राधिकार एतद् द्वारा चर्तुथ चरण में संलग्न **अनुलग्नक-2** में अंकित कार्यक्रम के अनुसार अनुलग्नक-1 में अंकित कुल 17 मत्स्यजीवी सहयोग समितियों के उनकी उपविधियों में यथा वर्णित पदों के लिए निर्वाचन हेतु सविरोध निर्वाचन की स्थिति में, मतदान हेतु **दिनांक 13.11.2017 ( सोमवार )** की तिथि नियत करता है तथा संबंधित मत्स्यजीवी सहयोग समिति के मतदाताओं से अपेक्षा करता है कि वे संगत अधिनियम/ नियमावली/ प्राधिकार के निदेशों के अधीन समिति के पदधारकों को निर्वाचित करें। ज्ञातव्य है कि इस उद्देश्य हेतु प्राधिकार द्वारा अपने पत्र संख्या-821 दिनांक 04.09.2017 से 13 प्रखंड मत्स्यजीवी सहयोग समिति की मतदाता सूची तैयार करने के लिए कट-ऑफ तिथि 31.08.2017 निर्धारित की गयी है एवं तदनुसार मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन दिनांक 25.09.2017 को संबंधित निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा किया जा चुका है।साथ ही रक्सौल प्रखंड मत्स्यजीवी सहयोग समिति की मतदाता सूची का प्रकाशन प्राधिकार के पत्रांक 799 दिनांक 31.08.2017 के आलोक में निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा दिनांक 08. 09.2017 को किया जा चुका है।

सहकारिता विभाग की अधिसूचना संख्या 4338 दिनांक 26.05.2017 एवं प्राधिकार की अधिसूचना संख्या 407 दिनांक 27.05.2017 के तहत प्रखंड मत्स्यजीवी सहयोग समिति में अध्यक्ष/सचिव के पद को छोड़कर कुल संख्या के 50 प्रतिशत के यथाशक्य निकटतम किंतु 50 प्रतिशत से किसी परिस्थिति में अधिक नहीं पद महिलाओं के लिए आरक्षित रहेंगे। दूसरे शब्दों में मत्स्यजीवी सहयोग समिति में प्रबंधकारिणी समिति के ग्यारह सदस्यों के पद में से पॉच पद महिलाओं के लिए आरक्षित होगें। महिला सदस्य नहीं रहने के स्थिति में ये पद रिक्त रहेंगे।

निर्वाचन पदाधिकारी प्रबंधकारिणी समिति के विभिन्न पदों के निर्वाचन के लिए **प्रपत्र-ई॰ 1** में आवश्यक प्रविष्टियां अंकित कर सूचना **दिनांक 16.10.2017 (सोमवार)** को निर्गत करना सुनिश्चित करेंगे।

मतदान का समय सुबह 07:00 बजे से शाम 03:00 बजे तक होगा। यह जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स0स0) के विवेक पर छोड़ा जाता है कि मतगणना यथा स्थिति दिनांक 13.11.2017 को मतदान समाप्ति के पश्चात उसी दिन सुविधा अनुसार अपराह्न 04:00-05:00 बजे से शुरू किया जाय या दूसरे दिन 14.11.2017 को सुबह 08:00 बजे से शुरू की जाय। दिनांक 13.11.2017 को मतगणना कराने पर मतदत मतपेटियों को सीधे मतगणना केन्द्र पर लाया जायेगा और कोई वज्रगृह बनाने की आवश्यकता नहीं होगी किंतु दूसरे दिन अर्थात 14.11.2017 को मतगणना कराये जाने की स्थिति में वज्रगृह की स्थापना की जायेगी तथा वज्रगृह में मतदत मतपेटियों को रखने, वज्रगृह को सील करने तथा दूसरे दिन वज्रगृह को खोलकर मतपेटियों को मतगणना केन्द्र पर ले जाने के समय की सूचना अनिवार्य रूप से सभी अभ्यर्थियों को लिखित रूप में निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा दी जायेगी।

जिन मत्स्यजीवी सहयोग समितियों का निर्वाचन कार्यक्रम अधिसूचित किया जा रहा है, उन समितियों के संबंध में संबंधित निर्वाचन पदाधिकारी संवीक्षा की तिथि को **प्रपत्र-ई॰ 6** में विधिमान्य अभ्यर्थियों की सूची तथा मतगणना की तिथि को **प्रपत्र-ई॰ 18** में निर्वाचित सदस्यों की सूची उन्हीं तिथियों को फैक्स **(0612-2231562, 2215089)** अथवा ई-मेल **(bseapatna@gmail.com)** द्वारा प्राधिकार को उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

**(फूल सिंह)**
मुख्य चुनाव पदाधिकारी

ज्ञापांक : 985 पटना/ दिनांक 09/10/2017

प्रतिलिपि : ई-गजट शाखा, वित्त विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। उनसे अनुरोध है कि प्रकाशित अधिसूचना की 50 प्रतियाँ प्राधिकार को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

**मुख्य चुनाव पदाधिकारी**

ज्ञापांक : 985 पटना/ दिनांक 09/10/2017

प्रतिलिपि : संबंधित प्रमंडलीय आयुक्त/ संबंधित जिला पदाधिकारी -सह- जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स॰ स॰)/ संबंधित पुलिस अधीक्षक/ संबंधित नोडल पदाधिकारी/संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी -सह- निर्वाचन पदाधिकारी (स॰ स॰), को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2. सभी संबंधित जिला पदाधिकारी -सह- जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स॰ स॰) से अनुरोध है कि वे इस चुनाव कार्यक्रम की प्रतियां अपने स्तर से भी ससमय संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी -सह- निर्वाचन पदाधिकारी (स॰ स॰) को उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

3. प्रखंड विकास पदाधिकारी -सह- निर्वाचन पदाधिकारी (स0स0), बड़हरिया, रघुनाथपुर, पटना सदर को निदेशित है कि ~~यदि~~ पूर्व के कार्यक्रम के अनुसार यदि किन्ही अभ्यर्थियों द्वारा नामांकन दिया गया होगा, तो यदि अन्यथा कोई कारण नहीं हो तो उनका नामांकन भी नये कार्यक्रम के तहत मान्य होगा।

9.10.17

**मुख्य चुनाव पदाधिकारी**

ज्ञापांक : 985 पटना/ दिनांक 09/10/2017

प्रतिलिपि : संबंधित जिला सहकारिता पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2. उनसे अनुरोध है कि वे संबंधित समिति की उपविधि दिनांक 13.10.2017 (शुक्रवार) तक निश्चित रूप से संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी -सह- निर्वाचन पदाधिकारी (स० स०) को उपलब्ध करा देने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे तथा उपविधियां के आधार पर जिन-जिन पदों के लिए निर्वाचन कराया जाना है, उसका विवरण भी अधिसूचना में निहित निदेशों के अनुसार आरक्षित पदों की स्थिति सहित निर्वाचन पदाधिकारी को लिखित रूप में उपलब्ध करा देंगे। साथ ही इस कार्यक्रम की सूचना अपने स्तर से भी संबंधित समितियों को उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

मुख्य चुनाव पदाधिकारी

ज्ञापांक : 985 पटना/ दिनांक 09/10/2017

प्रतिलिपि: प्रधान सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना/ प्रधान सचिव, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना/ निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

मुख्य चुनाव पदाधिकारी

ज्ञापांक : 985 पटना/ दिनांक 09/10/2017

प्रतिलिपि: प्रधान सचिव, गृह विभाग, बिहार, पटना/ पुलिस महानिदेशक, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। उनसे अनुरोध है कि विधि-व्यवस्था बनाये रखने हेतु अपने स्तर से कृपया निदेश निर्गत करना चाहेंगे।

मुख्य चुनाव पदाधिकारी

ज्ञापांक : 985 पटना/ दिनांक 09/10/2017

प्रतिलिपि: मुख्य चुनाव पदाधिकारी, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना के कोषांग/ उप सचिव/ अवर सचिव/ सभी प्रशाखा पदाधिकारी/ सांख्यिकी पर्यवेक्षक, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

9.10.17

मुख्य चुनाव पदाधिकारी

| निर्वाचन देय मत्स्यजीवी सहयोग समितियों की सूची | | | |
|---|---|---|---|
| क्र० | जिला का नाम | प्रखंड का नाम | सहकारी समितियों का नाम |
| 1 | आरा | शाहपुर | शाहपुर मत्स्यजीवी सहयोग समिति लि0 |
| 2 | आरा | तरारी | तरारी मत्स्यजीवी सहयोग समिति लि0 |
| 3 | आरा | बड़हरा | बड़हरा मत्स्यजीवी सहयोग समिति लि0 |
| 4 | आरा | चरपोखरी | चरपोखरी मत्स्यजीवी सहयोग समिति लि0 |
| 5 | आरा | आरा | आरा मत्स्यजीवी सहयोग समिति लि0 |
| 6 | आरा | जगदीशपुर | जगदीशपुर मत्स्यजीवी सहयोग समिति लि0 |
| 7 | आरा | पिरो | पिरो मत्स्यजीवी सहयोग समिति लि0 |
| 8 | आरा | उदवंतनगर | उदवंतनगर मत्स्यजीवी सहयोग समिति लि0 |
| 9 | सुपौल | मरौना | मरौना मत्स्यजीवी सहयोग समिति लि0 |
| 10 | समस्तीपुर | पटोरी | पटोरी मत्स्यजीवी सहयोग समिति लि0 (मात्र महिला के 2 एवं पुरूष के 2 पद की रिक्ति के लिए ) |
| 11 | सीतामढ़ी | बाजपट्टी | बाजपट्टी मत्स्यजीवी सहयोग समिति लि0 |
| 12 | नालंदा | नगरनौसा | नगरनौसा मत्स्यजीवी सहयोग समिति लि0 |
| 13 | गोपालगंज | भोरे | कल्याणपुर मत्स्यजीवी सहयोग समिति लि0 (कोरम के अभाव के कारण ) |
| 14 | सिवान | बड़हरिया | बड़हरिया मत्स्यजीवी सहयोग समिति लि0 |
| 15 | सिवान | रघुनाथपुर | रघुनाथपुर मत्स्यजीवी सहयोग समिति लि0 |
| 16 | पटना | पटना सदर | पटना सदर मत्स्यजीवी सहयोग समिति लि0 |
| 17 | पूर्वी चम्पारण | रक्सौल | रक्सौल मत्स्यजीवी सहयोग समिति लि0 |

अनुलग्नक-2

# मत्यजीवी सहयोग समितियों का निर्वाचन 2017

## निर्वाचन कार्यक्रम

## चतुर्थ चरण

| | | |
|---|---|---|
| (i) | निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा प्रपत्र-ई॰ 1 में सूचना का प्रकाशन | 16.10.2017 (सोमवार) |
| (ii) | नामांकन की तिथि एवं समय | 01.11.2017 (बुधवार)<br>11 बजे पूर्वाह्न से 3 बजे अपराह्न तक |
| (iii) | संवीक्षा की तिथि एवं समय | 02.11.2017 (गुरूवार)<br>11 बजे पूर्वाह्न से 3 बजे अपराह्न तक |
| (iv) | अभ्यर्थिता वापसी/ प्रतीक आवंटन की तिथि | 03.11.2017 (शुक्रवार)<br>11 बजे पूर्वाह्न से 3 बजे अपराह्न तक |
| (v) | मतदान, अगर आवश्यक हो | 13.11.2017 (सोमवार)<br>7 बजे पूर्वाह्न से 3 बजे अपराह्न तक |
| (vi) | मतगणना | 13.11.2017 (सोमवार) की संध्या/<br>14.11.2017 मंगलवार को सुबह 08:00 बजे से |

1020